कलीसिया और छोटे झुण्ड प्रदर्शित योजनाओ पर सहयोग करें।

जो बच्चों को पढ़ाते हैं वे आयत 1 पढ़े

नहेम्याह ने इस्राएली वंश का सेगठन यरूशलेम की दीवार बनाने के लिए किया, हर एक दल का अपना एक क्षेत्रफल था जिसकी जिम्मेदारी उनकी थी। उसने पहले टूटी दीवार का निरिक्षण किया फिर योजना बनाई, फिर उनको रक्षा के लिए हथियार दिए।

1. अपने आपको प्रार्थना तथा वचन द्वारा तैयार करें।

प्यारे प्रभु, इस अध्ययन के द्वारा हमारी कलिसिया को ऐसी भावना उत्पन्न करो कि वह साथ-साथ काम करें।

2 इतिहास 36:15-23 में ढूंढें कि पहले यरूशलेम शहर के साथ क्या हुआ था और क्यों।

सत्तर वर्षों के बाद, जो इस्राएली बेबीलोन में बन्दी बनाए गए थे, उन्होने फारस के राजा कुसु की सहायता से वापस अपने घरों को लौटना शुरू किया। नहेम्याह ने यरूशलेम की दिवार बनाने के लिए छः क्रम बनाए।

क्रम एकः ज़रूरत और प्रयोजन को स्पष्ट किया। नहेम्याह अध्याय एक में ढूढें कि यरूशलेम में नहेम्याह क्या कष्ट उठाए।

- पहले नहेम्याह ने प्रश्न पूछकर यरूशलेम में नुकसान के विषय में सीखा। जो उसने सुना, उसका उसने क्या उत्तर दिया। (पद 4)
- नहेम्याह ने अपने लोगो के पापो का प्रायश्चित्त किया, जिसकी वजह से उसके देश में कष्ट आए। किसके पाप उसने जोड़े । (पद 6)

क्रम दोः जब तुम भेदों का पता लगाते हो तो प्रार्थना में प्रभु से बुद्धि मांगो। अध्याय दो में ढूढें कि नहेम्याह ने अपने आपको इस्राएलियो की सहायता के लिए कैसे तैयार किया।

क्रम तीनः प्रतिनिधियो को जिम्मेदारिया ठीक से समझाए। अध्याय तीन में ढूंढे कि नहेम्याह ने बड़े काम को कैसे चलाया। ताकि हर कोई अपनी योग्यता के अनुसार उसमें हिस्सा ले सकें।

क्रम चारः उसने अन्याय और विरोध को दृढ़ता से सम्भाला।

- अध्याय चार में ढूंढें कि नहेम्याह ने विरोध का कैसे मुकाबला किया। (उसने प्रार्थना की: सब मेहनत से काम करें। उसने कमजोर इलाके में खास ध्यान दिया। उसने काम करने वालों से कहा परमेश्वर पर भरोसा रखो और अपना काम करो। उसने और उसके लोगो ने पूर्ण समर्पण की एक मिसाल कायम की।)
- अध्याय पाँच में ढूंढे कि कैसे मसीह अगुवे परमेश्वर के लोगो के लिए न्याय कर सके।
- नहेम्याह और उसके लोगों ने किस अन्याय को स्वेच्छा से छोड़ा, देखे पद 7 और 15

क्रम पाँचः झूठ और दोष के विरूद्ध दृढ़ रहो। अध्याय 6 में ढूंढें कि कैसे नहेम्याह और उसके काम करने वाले निरन्तर इस काम में लगे रहे ताकि परमेश्वर की स्तुति हो।

- नहेम्याह के अपने शत्रुओ की विचलित करने वाली तथा डराने वाली चालों से बचा या देखे पद 11-14

- दीवार लगभग सौ वर्षो तक टूटी पड़ी रही परमेश्वर की सहायता से दीवार कितने दिनों में बनी। देखे पद 15
- इस्राएल के परमेश्वर के बारे में यह शत्रुओं को क्या सिखाता है। देखे पद 16
- क्रम छः पूरे काम की समाप्ति के लिए प्रभु की महिमा हो। नहेम्याह अध्याय 8:2-12 और 9:1-5 में ढूंढें कि परमेश्वर ने अपने लोगो को क्या आशिषें दी।

2. अपने सहकर्मी के साथ सप्ताह के कामों की योजना बनाएं।

वह गतिविधिया चुनिए जो जरूरत और स्थानिय रीति रिवाज के अनुसार हो।

- समाज और कलिसिया की दुसरी जगह पर जरूरतों पर प्रश्न पूछिए।
- दुसरे झुण्ड के अगुवों से मिले। एक साथ काम की योजना बनाए और दुसरी जरूरत की जगह सहायता भेजे।
- नहेम्याह की तरह परमेश्वर के काम को पूरा करने के लिए संगठन से चलना।

3. अपने सहयोगी के साथ आने वाले प्रार्थना समय की योजना बनाए।

वह गतिविधियाँ चुनिये जो समयअनुसार हो।

अराधना के समय **प्रार्थना करें।** परमेश्वर के सामने पापो को मानो, उससे मांगिए कि वह दुसरों की ज़रूरतों को आपको दिखाए। प्रार्थना कीजिए कि परमेश्वर विभिन्न झुण्डो को मिलाकर, उनको एक साथ परमेश्वर के लिए कार्य करने में अगुवाई करें।

परमेश्वर की **स्तुति** हो कि वह मसीहियों के रास्ते बनाता है जो झुण्ड से बाहर रहकर लोगो की ज़रूरतों को पूरा करते है। सप्ताह के कामों की जानकारी दे तथा गवाही दें।

नहेम्याह की कहानी बताए या खेले। आप इस अध्ययन को कुछ सप्ताहों को बढ़ा सकते है।

एक मददगार तैयार करे जो नहेम्याह अध्याय एक और दो बताए। पहले सबसे कहे कि सुने और सीखे कि नहेम्याह ने अपने लोगों की ज़रूरते ढूंढने और अपने आप को तैयार करने में क्या कदम उठाएं। कहानी सुनाने के बाद विश्वासियो से पूछे उन्होने क्या पाया (उत्तर भाग एक में है)

नहेम्याह ने अपने कार्य में विरोधियों से कैसे व्यवहार किया, **नाटक कीजिए।**

नहेम्याहः परमेश्वर हमारी सहायता करेगा, हमारे नगर की दीवार बनाने में।

सम्बल्लतः नहेम्याह के पीछे से झांकतें हुए, जो अचानक मुड़ा। कहने लगा "अपना काम बन्द करो, यह तुम्हारे लिए बहुत अधिक है।

नहेम्याहः परमेश्वर ने हमें यह काम पूरा करने के लिए दिया है तुम जाओ यहाँ से।

सम्बल्लत: तुम कभी कामयाब नहीं होंगें। मेरे साथ आओ।

"हमें तुम्हारी एक जरूरी सभा में आवश्यकता है।"

नहेम्याह: हम एक महान कार्य कर रहे है, मैं इन्हें नहीं रोक सकता। हम काम क्यों बंद करे एक सभा में जाने के लिए।

सम्बल्लत: तुम यहां पर बहुत खतरा ले रहे हो।

नहेम्याह: परमेश्वर हमें बचाएगा।

बच्चो ने बड़ों के लिए जो कविता, नाटक, प्रश्न तैयार किए है, प्रस्तुत करें।

प्रभु भोज के परिचय के लिए नहेम्याह अध्याय 2:1-5 पढ़ें व्याख्या करे कि नहेम्याह राजा के लिए एक कटोरा लाया, लेकिन जब हम प्रभु की मेज के पास आते है तो प्रभु अपना कटोरा हमारे लिए लाता है। उसके लहू से हमारे पाप क्षमा होते है और परमेश्वर से सम्बन्ध स्थापित होता है।

इस सप्ताह की गतिविधियों को बताओ। प्रार्थना करे तथा लोगो को इकठ्ठा करे ताकि वह मिलकर प्रभु की सेवा करे तथा चुनौतियों का सामना करें।

2 इतिहास अध्याय 7:14 एक साथ याद करें।

दो या तीन के झुण्ड में एक दुसरे की सहायता करें। प्रार्थना करे और दुसरों से मिलकर कलीसियो के काम, आवश्यक कामों के करने, एक दूसरे को प्रोत्साहित करने की योजना तैयार करे।

Copyright 2004 © by Paul-Timothy. May be freely copied. Download from www.Paul-Timothy.net